(घ) **किन्नर/कोथी/हिजड़ा/ट्रांसजेन्डर (थर्ड जेन्डर)** अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा का मापदण्ड पिछड़े वर्ग की महिला अभ्यर्थियों के समान होंगे।

**5. <u>नियुक्ति की प्रक्रिया</u>–**

**(क) प्रथम चरण – 'लिखित परीक्षा' –(i)** आवेदन–पत्रों के संग्रहण के उपरान्त, आवेदन–पत्रों की संवीक्षा की जायेगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र सही पाये जायेंगे उनके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा । ***<u>लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं कक्षा (Matric) अथवा समकक्ष स्तर का होगा ।</u>*** लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी ।

**(ii) <u>प्रश्न–पत्र</u>**–दो घंटों के एक प्रश्न–पत्र में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (01) अंक दिया जाएगा।

**(iii) <u>ओ0एम0आर (OMR)/उत्तर पुस्तिका</u> :–** ओ0एम0आर/उत्तर पुस्तिका दो प्रतियों में होगी जिसमें से एक प्रति अदृश्य कार्बन प्रति के रूप में केन्द्रीय चयन पर्षद के पास अंतिम चयन सूची प्रकाशित होने के पश्चात एक वर्ष तक सुरक्षित रखी जायेगी। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी ओ0एम0आर (OMR) आधारित उत्तर पुस्तिका पर वांछित सूचनाओं (यथा–रौल नम्बर, प्रश्न पुस्तिका नम्बर, अनुच्छेद लेखन तथा हस्ताक्षर) की प्रविष्टि दिये गये आवश्यक निर्देशों/अनुदेशों के अनुसार करेंगे। उत्तर पुस्तिका (OMR) पर वांछित अनिवार्य जानकारी नहीं भरने अथवा गलत प्रविष्टि करने की स्थिति में अभ्यर्थिता स्वतः रद्द समझी जायेगी एवं उनके उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा तथा इसके लिए पर्षद जिम्मेवार नहीं होगा।

**(iv) <u>पाठ्यक्रम</u>–** लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं कक्षा (Matric) अथवा समकक्ष स्तर का होगा। लिखित परीक्षा में 1. हिन्दी 2. अंग्रेजी 3. गणित 4. सामाजिक विज्ञान (इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र) 5. विज्ञान (भौतिकी, रसायन शास्त्र, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) 6. सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मामले से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

**(v) लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए असफल घोषित किए जायेंगे।**

**(vi)** ***<u>"लिखित परीक्षा अंतिम मेधा सूची का आधार नहीं होगी। लिखित परीक्षा केवल शारीरिक योग्यता परीक्षा के लिए अर्हक (Qualifying) होगी</u>।"***

**(vii)** लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर यथासंभव विज्ञापित रिक्तियों के आरक्षण कोटिवार पाँच गुणा प्रत्येक कोटि के लिए अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा हेतु किया जाएगा। शारीरिक जाँच हेतु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता की दशा में अभ्यर्थियों का अनुपात उपयुक्त रूप से केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा कम किया जा सकेगा।

**(viii)** लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को शारीरिक योग्यता परीक्षा में सम्मिलित होना एवं इसमें सफल होना अनिवार्य होगा तथा शारीरिक योग्यता के न्यूनतम निर्धारित मापदण्ड में कोई छूट अनुमान्य नहीं होगी।

BiharSarkariResult.Com

**(ख) द्वितीय चरण – 'शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा'** – शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी ।

**(i) दौड़ – अधिकतम 50 (पचास) अंक ।**

**सभी कोटि के पुरूषों के लिए–** 1 (एक) मील (1.6 कि0मी0) [अधिकतम 6 मिनट में]

| | | |
|---|---|---|
| 5 मिनट से कम | – | 50 अंक |
| 5 मिनट से 5 मिनट 20 सेकण्ड तक | – | 40 अंक |
| 5 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट 40 सेकण्ड तक | – | 30 अंक |
| 5 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 6 मिनट तक | – | 20 अंक |

**6 मिनट से अधिक समय लेने वाले पुरूष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।**

**सभी कोटि की महिलाओं के लिए–**1 (एक) कि0मी0 [अधिकतम 5 मिनट में]

| | | |
|---|---|---|
| 4 मिनट से कम | – | 50 अंक |
| 4 मिनट से 4 मिनट 20 सेकण्ड तक | – | 40 अंक |
| 4 मिनट 20 सेकण्ड से अधिक एवं 4 मिनट 40 सेकण्ड तक | – | 30 अंक |
| 4 मिनट 40 सेकण्ड से अधिक एवं 5 मिनट तक | – | 20 अंक |

**5 मिनट से अधिक समय लेने वाली महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।**

**(ii) गोला फेंक– अधिकतम 25 (पच्चीस अंक) ।**

**सभी कोटि के पुरूषों के लिए** – 16 पौंड का गोला न्यूनतम 16 (सोलह) फीट फेंकना होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 फीट से 17 फीट तक | – | 09 | अंक |
| 17 फीट से ज्यादा एवं 18 फीट तक | – | 13 | अंक |
| 18 फीट से ज्यादा एवं 19 फीट तक | – | 17 | अंक |
| 19 फीट से ज्यादा एवं 20 फीट तक | – | 21 | अंक |
| 20 फीट से ज्यादा | – | 25 | अंक |

**16 फीट से कम फेंकने वाले पुरूष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।**

**सभी कोटि की महिलाओं के लिए –** 12 पौंड का गोला न्यूनतम 12 (बारह) फीट फेंकना होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 फीट से 13 फीट तक | – | 09 | अंक |
| 13 फीट से ज्यादा एवं 14 फीट तक | – | 13 | अंक |
| 14 फीट से ज्यादा एवं 15 फीट तक | – | 17 | अंक |
| 15 फीट से ज्यादा एवं 16 फीट तक | – | 21 | अंक |
| 16 फीट से ज्यादा | – | 25 | अंक |

**12 फीट से कम फेंकने वाली महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।**

**(iii) ऊँची कूद– अधिकतम 25 (पच्चीस अंक) ।**

**सभी कोटि के पुरूषों के लिए** – न्यूनतम ऊँचाई 4 (चार) फीट

BiharSarkariResult.Com

| | | |
|---|---|---|
| 04 फीट | – | 13 अंक |
| 04 फीट 4 ईन्च | – | 17 अंक |
| 04 फीट 8 ईन्च | – | 21 अंक |
| 05 फीट | – | 25 अंक |

**04 फीट से कम कूदने वाले पुरूष अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।**

**सभी कोटि की महिलाओं के लिए –** न्यूनतम ऊँचाई 3 (तीन) फीट

| | | |
|---|---|---|
| 03 फीट | – | 13 अंक |
| 03 फीट 4 ईन्च | – | 17 अंक |
| 03 फीट 8 ईन्च | – | 21 अंक |
| 04 फीट | – | 25 अंक |

**03 फीट से कम कूदने वाली महिला अभ्यर्थियों को असफल घोषित किया जायेगा।**

नियत समय (पुरूषों के लिए 6 मिनट एवं महिलाओं के लिए 5 मिनट) में दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को गोला फेंक एवं/अथवा ऊँची कूद स्पर्धा/स्पर्धाओं में न्यूनतम विनिश्चित मानदण्ड पूरा नहीं करने पर असफल घोषित किया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थी को अन्य स्पर्धाओं में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को सभी स्पर्धाओं में अलग-अलग सफल होना होगा। मात्र गोला फेंक एवं ऊँची कूद में अधिकतम तीन मौका दिया जाएगा।

**(iv) किन्नर/कोथी/हिजड़ा/ट्रांसजेन्डर (थर्ड जेन्डर) के लिए –** बिहार सरकार, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) का संकल्प ज्ञापांक **386**, दिनांक 14.01.2021 की कण्डिका 5(III) के अनुसार ''ट्रांसजेन्डर अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा मापदण्ड पिछड़ा वर्ग की महिला अभ्यर्थियों के समान रहेंगे। अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र सामान्य विज्ञापन अनुसार रहेगी और अधिकतम उम्र सीमा में अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति कोटि के समरूप छूट प्राप्त होगी। अभ्यर्थी को बिहार राज्य का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र उनके ट्रांसजेन्डर होने के निमित्त प्रस्तुत करना होगा।

**6. मेधा सूची एवं नियुक्ति की अनुशंसा –**

(i) मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए ***मेधा सूची शारीरिक दक्षता परीक्षा के अधीन तीनों स्पर्धाओं, यथा- दौड़, ऊँची कूद तथा गोला फेंक में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक के आधार पर तैयार की जायेगी।*** शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा में दो या अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की दशा में, मेधा सूची में उनके स्थान का अवधारण, उनकी जन्म तिथियों के आधार पर, एवं समान अंक प्राप्त करने एवं समान जन्म तिथि वाले दो या अधिक अभ्यर्थियों की दशा में, उनकी शैक्षणिक अर्हता के आधार पर किया जायेगा। इस प्रकार समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में अधिक उम्र वाले, एवं समान प्राप्तांक एवं समान जन्म तिथि वाले अभ्यर्थियों की दशा में, उच्चतर शैक्षणिक अर्हता वाले अभ्यर्थी का स्थान मेधा सूची में उच्चतर रखा जायेगा।

(ii) शैक्षणिक योग्यता समान होने की दशा में, पद के लिए अवधारित न्यूनतम अर्हक परीक्षा (इण्टरमीडिएट एवं समकक्ष) में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को मेधा क्रम में ऊपर रखा जाएगा।

BiharSarkariResult.Com